**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने "स्वदेशी अपनाओ, देश को मजबूत बनाओ" मंत्र को आत्मसात करते हुए अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर विशेष बल दिया।
- कृतज्ञ राष्ट्र आज स्वतंत्रता सेनानी और जनजातीय नेता धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मना रहा है।
- बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने विधानसभा चुनावों में दो सौ दो सीटें जीतकर भारी बहुमत हासिल किया।
- भूकंप के खतरे से निपटने के लिए आज प्रदेश के सभी जिलों में मॉक अभ्यास किया गया।

वोकल फॉर लोकल

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित किया जा रहा है तथा वोकल फॉर लोकल और मेक इन इंडिया सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। गौचर मेले के शुभारंभ अवसर पर श्री धामी ने बताया कि केंद्र सरकार के मार्गदर्शन में प्रदेश में अनेक योजनाओं और नीतियों को सफलतापूर्वक लागू किया गया है, जिससे राज्य का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि "स्वदेशी अपनाओ, देश को मजबूत बनाओ" मंत्र को आत्मसात करते हुए अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर विशेष बल दिया जा रहा है, ताकि स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन मिले, रोजगार के अवसर बढ़ें तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और अधिक गति मिल सके।

जनजातीय गौरव दिवस

राष्ट्र आज स्वतंत्रता सेनानी और जनजातीय नेता धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मना रहा है। केंद्र सरकार ने जनजातीय इतिहास को जीवित रखने के महत्व को ध्यान में रखते हुए 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है। एक रिपोर्ट–––

पिछले एक दशक में जनजातीय विकास के दृष्टिकोण का एक राष्ट्रव्यापी मिशन के रूप में विस्तार हुआ है। आज 42 मंत्रालय अनुसूचित जनजातियों के लिए विकास कार्य योजना के माध्यम से जनजातीय कल्याण में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। सरकार ने जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित संग्रहालयों और स्मारकों के विकास पर निरंतर जोर दिया है।

प्रदेश में भी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर राजधानी देहरादून में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश भर के जनजातीय लोग प्रतिभाग कर रहे हैं।

उपनल कर्मचारी

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सरकार उपनल कर्मचारियों के हितों के प्रति संवेदनशील है और मामले पर गंभीरतापूर्वक विचार कर रही है। देहरादून में उपनल कर्मचारियों के पदाधिकारियों से मुलाकात के दौरान श्री जोशी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि जल्द ही उपनल कर्मचारियों के हित में उपयुक्त निर्णय

लिया जाएगा, जिससे उन्हें राहत मिल सके। प्रतिनिधिमंडल ने सैनिक कल्याण मंत्री के समक्ष समान कार्य के लिए समान वेतन तथा उपनल कर्मचारियों को नियमित किए जाने की मांग प्रमुखता से रखी। इस दौरान श्री जोशी ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें सकारात्मक आश्वासन दिया।

उत्तराखंड ब्रड काउंट

उत्तराखण्ड में पक्षी विविधता के दस्तावेजीकरण और संरक्षण के उद्देश्य से दूसरे Uttarakhand Bird Count का आयोजन आज और कल किया जा रहा है। यह आयोजन स्थानीय पक्षीप्रेमियों, सामुदायिक समूहों, शैक्षणिक संस्थानों, प्रकृति मार्गदर्शकों, उत्तराखण्ड वन विभाग तथा उत्तराखण्ड राज्य जैव विविधता बोर्ड के समन्वित सहयोग से संपन्न होगा।

इस वर्ष के आयोजन में राज्य के सभी जिलों में कुल 81 से अधिक समन्वित Birding सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें 62 सार्वजनिक पक्षी अवलोकन भ्रमण तथा 19 स्थानीय, आमंत्रण–आधारित कार्यक्रम सम्मिलित हैं। कार्यक्रम का संचालन विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों जैसे चमोली, उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ के उच्च हिमालयी क्षेत्र, मध्य हिमालय एवं शिवालिक की वनाच्छादित पर्वत श्रृंखलाओं तथा तराई–भाबर के मैदानी क्षेत्र में किया जाएगा।

आयोजन स्थलों की जानकारी और सहभागिता के लिए लिंक वेबसाइट birdcount.in/event/Uttarakhand-bird-count/ पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रतिभागियों से अनुरोध है कि वे अपनी पक्षी प्रेक्षण चेकलिस्ट दिनांक 23 नवम्बर 2025 तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

बिहार विधानसभा चुनाव

सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एन.डी.ए. ने बिहार विधानसभा चुनाव में 202 सीट जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल कर लिया है। निर्वाचन आयोग ने कल रात सभी 243 सीटों के नतीजे घोषित कर दिए। भारतीय जनता पार्टी 89 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले जनता दल ने 85 सीट जीतीं। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 19 सीट मिली। राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाले महागठबंधन को केवल 35 सीट हासिल हुई।

भूकंप मॉक अभ्यास

भूकंप के खतरे से निपटने के लिए आज प्रदेश के सभी जिलों में मॉक अभ्यास किया गया। पौड़ी जिले में अभ्यास के दौरान कंट्रोल रूम से प्राप्त जानकारी के अनुसार भूकंप आने से स्वीत गांव में घायल हुए 12 लोगों को बेस अस्पताल श्रीकोट के आपातकालीन आईसीयू में भर्ती कराया गया। इसी तरह, कंट्रोल रूम से मिली सूचना के अनुसार भूकंप के चलते टेका मार्ग पर 33 केवी विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिसके कारण जंगल में लगी आग पर काबू पाने के लिए विद्युत विभाग तथा राहत एवं बचाव दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया।

उधर, रुद्रप्रयाग जिले में भूकंप मॉक अभ्यास के तहत सुबह 09 बजकर 45 मिनट पर आए 6 दशमलव 7 तीव्रता के भूकंप से जिले के कई क्षेत्रों में व्यापक नुकसान की सूचना प्राप्त हुई। जिसके बाद जिला प्रशासन ने राहत और बचाव कार्यों के लिए सभी टीमों को उच्च सतर्कता के साथ मोर्चे पर तैनात कर दिया।

"एक जनपद, दो उत्पाद"

पौड़ी जिले में स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोटद्वार स्थित जिला उद्योग केंद्र में "एक जनपद–दो उत्पाद" योजना के अंतर्गत हर्बल और आयुर्वेदिक उत्पादों तथा फल प्रसंस्करण पर केंद्रित बैठक आयोजित की गई। पेश है एक रिपोर्ट–

जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सोमनाथ गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि वे अपने–अपने विभागीय डेटा का संकलन कर एकीकृत प्रस्ताव तैयार करें। महाप्रबंधक ने कहा कि जिला स्तर पर हर्बल और आयुर्वेदिक उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाएगी, जिससे स्थानीय उद्योगों को मजबूती मिलेगी और किसानों को बेहतर लाभ प्राप्त होगा।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हर्बल और आयुर्वेदिक उत्पादों को जिले के "एक जनपद–दो उत्पाद" के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा। इसके लिए किसानों, वन प्रहरियों, स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय उद्यमियों को उत्पादन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन के लिए एकीकृत सहायता प्रदान की जाएगी, ताकि जिले में हर्बल उद्योग को सुदृढ़ आधार मिल सके।

राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता

पौड़ी जिले के कंडोलिया मैदान में कल से राज्य स्तरीय आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू हो गयी है। नगर पालिकाध्यक्ष हिमानी नेगी ने प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कहा कि फुटबॉल जैसे लोकप्रिय खेल से जुड़ी प्रतियोगिताएं युवाओं को ऊर्जा व सकारात्मक दिशा प्रदान करती हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन खेल अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण तथा खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान खेलभावना और उत्साहवर्धन के लिए राष्ट्रीय स्तर के अनुभवी खिलाड़ियों को भी आमंत्रित किया गया है, ताकि प्रतिभागी खिलाड़ी उनसे प्रेरणा ले सकें। इस प्रतियोगिता में राज्य भर की 14 टीमें हिस्सा ले रही हैं।